पंजाब केसरी 27/11/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस

अम्बाला, 26 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा प्रस्तावना: भारतीय संविधान की दृष्टि और मूल्य विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन कर किया गया।



अतिथि व्याख्यान में मुख्य वक्ता आर्य गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या डा. अनुपमा आर्या का स्वागत करते आयोजक। (देवदत्त)

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता आर्य गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या डा. अनुपमा आर्या ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना, संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों को परिभाषित करती है। यह संविधान के मार्गदर्शन के लिए एक प्रकाश स्तंभ के रूप में काम करती है।

राजनीतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. नैन ने बताया कि आज संविधान दिवस पर छात्रों ने प्रस्तावना संबंधी ज्ञान प्राप्त किया। डा. कृष्ण पूनिया ने मंच संचालन किया। इस इंटरैक्टिव सत्र का समापन प्रश्नोत्तरी दौर के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने मुख्य वक्ता से उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे।

डा. तृप्ति शर्मा ने कहा कि सही मायने में व्याख्यान अत्यधिक जानकारीपूर्ण रहा और इससे कार्यक्रम उपस्थित लोगों को संविधान का आदर करने की सीख मिली। कार्यक्रम की संयोजिका डा. सरोज बाला ने कहा कि यह व्याख्यान समय की मांग है।